तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025



13 गंगरेल के पानी से शीतला तालाब लबालब आसपास...





14 पीएम आवास के लिए किसी को भी फूटी कौड़ी देने...











**खबर संक्षेप**

## पिपरहट्टा में भक्ति माता कर्मा जयंती आज

**मुड़ागांव कोरासी।** ग्राम पिपरहट्टा में 19 अप्रैल को साहू समाज परिक्षेत्र सोरिद का भक्ति माता कर्मा जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, प्रमुख अतिथि माननीय भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, अध्यक्षता नारायण लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, राम जी साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजिम, विशिष्ट अतिथि लेख राज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, विष्णु राम नागेश जनपद सदस्य छुरा एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत परसदाखुर्द, पंकज निर्मलकर अध्यक्ष भाजपा मंडल खड़मा एवं जनपद सदस्य छुरा, युवराज साहू जनपद सदस्य छुरा, दुलारी बाई साहू जनपद सदस्य छुरा, भेषमती रूप सिंह साहू जनपद सदस्य छुरा, पुष्पा देवानंद सिन्हा जनपद सदस्य छुरा, विशेष अतिथि उगेश कुमार तिरधारी ▶▶। शेष पेज 12 पर

**समस्या : महिला यात्रियों एवं छात्राओं को ज्यादा परेशानी**

# तेज धूप और बारिश में सड़क पर खड़े होकर यात्री करते हैं बसों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नवापारा-राजिम

माह अप्रैल में धूप तेज हो गई है। दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। आगामी तीन माह तेज गर्मी पड़ने के आसार हैं। तेज धूप में यात्रियों को मार्गो पर खड़ा होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। बता दे कि नवापारा नगर की आबादी लगभग 45000 है। रोज सैकड़ों लोग एवं छात्र-छात्राएं नगर के विभिन्न स्थानों से बस से यात्रा करते है। इतने बड़े नवापारा नगर में अभी केवल 2 यात्री प्रतीक्षालय है। एक मुख्य बस स्टैंड पर है एवं दूसरा चंपारण चौक पर है। जबकि पूरे नवापारा नगर में यात्री इंदिरा मार्केट पुल के पास, मैडम चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, गुलाब गार्डन, फूलचंद कॉलेज, नगर पालिका, सोमवारी बाजार से अपने गंतव्य के लिए बस बैठते है। इस सभी स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय न होने के कारण यात्रियों को दुकानों अथवा अन्य स्थानों का शरण लेनी पड़ती है। कन्या शाला एवं महाविद्यालय की छात्राएं प्रतीक्षालय के अभाव में पुलिस थाने में वाहनों के लिए बने शेड में रुककर बस का इंतजार करना मजबूरी है। रायपुर, मगरलोड एवं कुरूद मार्ग में रोड चौड़ीकरण के कारण मार्गो से पेड़ कट गए है। बहरहाल गर्मी में कड़ी धूप खड़ा रहकर बस का इंतजार करना यात्रियों के लिए मजबूरी है।



### नवापारा में 8 से 10 प्रतीक्षालय की जरुरत

सबसे ज्यादा तकलीफ महिला यात्रियों एवं छात्राओं को होती है। प्रतिदिन नवापारा से पिपरौद, नया रायपुर, रायपुर एवं अन्य शहर पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को खुले में खड़ा होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। प्रतीक्षालय के अभाव में बस के एक निश्चित स्थान पर न रुककर कहीं भी रूकती है। जिससे आवागमन बाधित होती है। नवापारा में 8 से 10 मिनी यात्री प्रतीक्षालय की सख्त जरूरत महसुस की जा रही है ताकि यात्रियों को तेज गर्मी विकराल धूप और बारिश के पानी से बचा जा सके।

## बरोंडा नाला ईंट भट्ठा अवैध सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶। गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बरोण्डा में नालों के पास अवैध रूप से संचालित लाल ईंट भट्टों पर छापेमारी कर कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार गांव के सरपंच धनसाय निषाद द्वारा बड़े पैमाने पर बिना अनुमति के ईंट निर्माण किया जा रहा था।

सूचना मिलने पर विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर अवैध गतिविधि पर कार्रवाई की। गौरतलब है कि ग्राम बरोण्डा में नालों के समीप पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध ईंट भट्टों का संचालन लंबे समय से चल रहा था।

ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव के सरपंच स्वयं पद का दुरुपयोग कर नाले के किनारे ईंट निर्माण का कार्य कर रहे थे। इससे गांव में धूल, वायु प्रदूषण और परिवहन से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। ग्रामीणों का कहना है कि जब गांव का प्रतिनिधि ही इस तरह के कार्यों में लिप्त हो, तो वे अपनी शिकायत किससे करें।

प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और गंभीरता को ग्रामीणों ने संतोषजनक बताते हुए सराहना की है। लोगों का मानना है कि इस तरह की सख्ती से अवैध कारोबार पर रोक लगेगी और गांव का वातावरण भी बेहतर होगा।

## विहिप और बजरंग दल ने फूंका सीएम ममता का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गरियाबंद

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंदुओं पर हुई हिंसा के खिलाफ गरियाबंद में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार दोपहर तिरंगा चौक पर विहिप-बजरंग दल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बंगाल में सुनियोजित तरीके से हिंदू समाज को निशाना बनाया जा रहा है। ममता सरकार न केवल चुप है, बल्कि हिंसा फैलाने वाले कट्टरपंथियों को संरक्षण दे रही है। विहिप जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर ने कहा कि यह कोई सामान्य दंगा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक सांप्रदायिक ▶▶। शेष पेज 12 पर






संकलनकर्ता : तेजराम ध्रुव, धर्मेंद्र कुमार यादव, संवाददाता-मुड़ागांव, मो.: 8085713983


## आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रसेला

क्षेत्र में गुरुवार को रात 7 बजे मौसम ने अचानक करवट बदली और आंधी तूफान व गरज के साथ 20 मिनट तक बारिश हुई। आधी तूफान के चलते रसेला से रूवाड सड़क पर कई जगह पेड़ गिरने से आने जाने वालों को रातों में परेशानियों का सामना करना पड़ा खासकर चार पहिया वाहनों को क्यों कि गुरुवार को रसेला के साप्ताहिक बाजार होने के कारण व्यापारी लोगों बाजार करने आते हैं। बारिश होने पर मौसम को सुहावना बना दिया। इससे वातावरण में नमी आ गई, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली। अंचल में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही थी ऐसे अचानक हुई बारिश से लोगों को काफी राहत मिली। किसानों को भी उम्मीद है कि अगर इसी तरह बारिश होती रही तो खरीफ फसल के लिए मौसम अनुकूल होगा। मौसम विभाग के अनुसार इस समय हवा में नमी बढ़ने के कारण ऐसे मौसमी बदलाव हो रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में भी हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। हालांकि लोगों को सलाह दी गई है कि वे अचानक मौसम बदलने की स्थिति में सावधानी बरतें। इस बदलते मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन साथ ही यह भी संकेत दिया कि मानसून का इंतजार अभी बाकी है। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में मौसम कैसा रूख दिखाता है। शुक्रवार को तापमान गरम हो ▶▶। शेष पेज 12 पर




# कारों पर महंगाई की मार, प्रदेश में 20 फीसदी तक कम हो गया व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश के साथ प्रदेश में भी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई सहित ज्यादातर कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हो गया है कि अपने प्रदेश में शुरुआती दौर में अप्रैल के पहले पखवाड़े में 15 से 20 फीसदी तक कारोबार प्रभावित हो गया है। जिनके शोरूम में एक माह में 500 तक कारें बिक जाती हैं, उनके यहां अप्रैल के पहले पखवाड़े में 200 के आसपास ही कारें बिकी हैं।

कारोबारियों का कहना है, आने वाले समय में इसका असर कम होने लगेगा। ऋण में ब्याज दर कम होने से कुछ राहत जरूर मिल रही है। कच्चे माल की कीमत ज्यादा होने का हवाला देते हुए ज्यादातर कार निर्माता कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा करने का पहले ही ऐलान किया था। इसके बाद एक अप्रैल से कारों की कीमत में इजाफा हो गया है। जहां देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली मारुति की कारों में ढाई से चार फीसदी तक का इजाफा हुआ है, वहीं दूसरी कंपनियों ने तीन फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं। कारों के अलग-अलग मॉडल में अलग-अलग प्रतिशत के हिसाब से इजाफा हुआ है। जैसे रायपुर में मारुति की अर्टिगा कार पर करीब 22 हजार का इजाफा हुआ है।

यह तीन फीसदी से कम है। इसी तरह से मारुति की इको कार की कीमत में वैसे तो 25 हजार तक का इजाफा हुआ है, लेकिन इसमें ऑफर के कारण दस हजार कीमत कम हो जा रही है। पहले इस मॉडल पर 20 हजार का डिस्काउंट मिल रहा था जिसको अब दस हजार कर दिया गया है। डिजायर की कीमत में करीब आठ हजार का इजाफा हुआ है। इसमें डिस्काउंट भी बंद हो गया है।

### मारुति, टाटा, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित ज्यादातर कंपनियों की कारें 3 से 4 फीसदी महंगी



#### कुछ समय तक रहेगा असर

ऑटोमोबाइल कारोबारियों का कहना है कि अभी कारों कीमत में इजाफा होने का पहला ही माह है। इसमें से अभी 15 दिनों का समय निकला है। इसमें शुरुआती तौर पर 20 फीसदी कारोबार में असर दिख रहा है। मारुति के राजधानी के एक शोरूम में आमतौर पर एक माह में 500 कारें बिकती हैं। अप्रैल के पहले 15 दिनों में 210 कारें बिकी हैं। अन्य कारों के शोरूम में भी कारों की बिक्री पर असर पड़ा है। कारोबारियों का कहना है आने वाले समय में यह असर कम हो जाएगा। प्रदेश में एक माह में तीन से चार हजार कारें बिक जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी 21 को करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की बैठक हुई, जिसमें जिले के विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों ने 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव की रणनीति बनाई है। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उधोराम वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से 21 अप्रैल को प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, माता-बहनों के ऊपर हो रही दरिंदगी, मासूम बच्चियों के साथ घिनौने अनाचार की घटनाओं ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

### कैट ने सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल को दी बधाई



**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल से मुलाकात की। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर श्री पारवानी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की अवधारणा को सफल बनाने के लिए पूरे देश में छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति सबसे ज्यादा सफल रही। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल क्लस्टर के स्थापना की घोषणा गई है। इनमें से दो राजनांदगांव जिले के घुमना तहसील में और दो नवा रायपुर में स्थापित होंगे।

देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान बनाने में हम सफल हुए हैं, आने वाले समय में हिन्दुस्तान दुनिया के तीन सबसे शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा रहेगा।

### शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 1857 की क्रांति के महानायक, क्रांतिकारी और देशभक्त सेनापति शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि 18 अप्रैल पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तात्या टोपे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर योद्धाओं में से हैं, जिनकी रणनीतिक कुशलता, अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी हर देशवासी को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। वे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे सेनानायक थे, जिन्होंने अंग्रेजी सत्ता को खुली चुनौती दी।

### आईटीआई परीक्षा में उपस्थिति 8 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर रही

# व्यापम की परीक्षाओं में रिकार्ड अर्जियां, पर कई में उपस्थिति आधी भी नहीं, तीन साल में 12 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल, राज्य लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न विभागों में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने अब अभ्यर्थियों को शुल्क देना होगा। जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें उनकी राशि लौटा दी जाएगी। दूसरी ओर ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन तो किया है, लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हुए उनकी राशि व्यापम, पीएससी अथवा परीक्षा कराने वाली एजेंसी के खाते में जाएगी। कांग्रेस सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में लिए जाने वाले शुल्क में माफी की घोषणा की गई थी। 8 अप्रैल 2022 से यह नियम लागू हुआ। इसके 3 साल 10 दिन बाद भाजपा शासन ने नए नियम की घोषणा कर दी है।

बीते तीन वर्षों में सर्वाधिक नुकसान व्यापम को उठाना पड़ा है, क्योंकि व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ही सर्वाधिक प्रवेश परीक्षाएं और भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गईं। इसके उलट पीएससी द्वारा सीमित भर्ती परीक्षाएं ही आयोजित कराई गई। थोक में छात्र ऐसे भी रहे, जिन्होंने फॉर्म तो भरा लेकिन परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे। व्यापम द्वारा आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा में प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का औसत खर्च आता है। ऐसे में अनुमानतः परीक्षा नहीं दिलाने वाले अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र और उनके लिए लगाए गए मैनपावर के चलते 12 करोड़ रुपए का अनुमानित घाटा व्यापम को हुआ है। इन तीन सालों में कई रिकॉर्ड बने भी हैं। व्यापम द्वारा 2023 में आयोजित आईटीआई प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों का आंकड़ा 8 प्रतिशत से भी नीचे चला गया था। इसके अतिरिक्त बीएड-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए रिकॉर्ड पांच लाख से अधिक आवेदन मिले थे।

### 8 अप्रैल 2022 से समाप्त किया गया था परीक्षा शुल्क

### सामान्य वर्ग की फीस 350 रुपए, पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी से लिए जाते थे 250 रुपए

#### नए नियम कब से यह तय नहीं

हरिभूमि तत्काल

वर्तमान में सहायक विकास विस्तार अधिकारी सहित कई विभागों में भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी है। प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन प्रक्रिया जारी है। व्यापम के अधिकारियों के अनुसार, शासन द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नया नियम कब से लागू होगा। ऐसे में व्यापम द्वारा पुराने नियमों का ही अनुसरण करते हुए छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है। शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद ही अभ्यर्थियों में आवेदन शुल्क का प्रावधान जोड़ा जाएगा।




#### प्रति छात्र 300-350 रुपए खर्च

व्यापम अधिकारियों के अनुसार, परीक्षार्थियों के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने और इसकी छपाई, ओएमआर शीट, परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक व मूल्यांकनकर्ता को किए जाने वाले भुगतान, परिवहन सहित अन्य सभी मदों को मिलाकर प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का खर्च आता है। इसके आधार पर ही पूर्व में शुल्क निर्धारित किया गया था।

#### बढ़ सकती है फीस

तीन वर्ष पहले तक अधिकतर भर्ती परीक्षा तथा प्रवेश परीक्षाओं में सामान्य वर्ग के छात्रों से 350 रुपए लिए जाते थे। पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी वर्ग के उम्मीदवारों से 250 रूपए लिए जाते रहे हैं। तीन वर्षों तक आवेदन निशुल्क रहने के कारण फीस वृद्धि संबंधित विचार नहीं हुआ। चूंकि तीन वर्ष पश्चात दोबारा फीस लिए जाने की तैयारी है तो ऐसे में व्यापम के अधिकारियों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि फीस में आंशिक वृद्धि की जा सकती है।

#### व्यापम द्वारा आयोजित पिछले तीन परीक्षाओं का हाल...

**सहायक सांख्यिकी विकास अधिकारी : 37 हजार आवेदन, 85% नदारत :** 13 अप्रैल को व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। 17 पदों के लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, लेकिन पहुंचे सिर्फ 15.01 प्रतिशत। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।

**मत्स्य निरीक्षक : आवेदन 21 हजार, पहुंचे 1900**

23 मार्च को हुई मत्स्य निरीक्षक परीक्षा में 21 हजार लोग ने आवेदन किया था। सिर्फ 1900 लोग परीक्षा में शामिल हुए जो 9 प्रतिशत है। हालात यह थे कि कई केंद्र पूरी तरह से सूने रहे। यहां पर्यवेक्षक अभ्यर्थियों का इंतजार करते रहे। कुछ केंद्रों में अभ्यर्थियों से अधिक संख्या परीक्षा व्यवस्था बनाए रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की रही।

**लैब असिस्टेंट : 9 पद, 67 हजार आवेदन, 84% गायब :** 9 मार्च को व्यापम ने कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा आयोजित की। मात्र 9 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती के लिए 67 हजार आवेदन मिले थे। राजधानी रायपुर में 17250 अभ्यर्थियों के लिए 44 केंद्र बनाए गए, लेकिन 84 प्रतिशत अभ्यर्थी गायब रहे।

#### 2024 में प्रवेश परीक्षाओं की स्थिति

- पीएटी व पीव्हीपीटी : 9 जून को परीक्षा, 46275 आवेदन, 23813 उपस्थित
- प्री बीएबीएड, बीएससीबीएड : 9 जून को परीक्षा, 37037 आवेदन, 7620 उपस्थित
- पीईटी : 13 जून को परीक्षा, 22854 आवेदन, 12070 उपस्थित
- प्रीएमसीए : 13 जून को परीक्षा, 7295 आवेदन, 1220 उपस्थित
- पीपीएचटी : 13 जून को परीक्षा, 37076 आवेदन, 18371 उपस्थित
- पीपीटी : 23 जून को परीक्षा, 32857 आवेदन, 10747 उपस्थित
- प्रीबीएड : 30 जून को परीक्षा, 253649 आवेदन, 158353 उपस्थित
- प्रीडीएलएड : 30 जून को परीक्षा, 305629 आवेदन, 201938 उपस्थित
- बीएससी नर्सिंग : 14 जुलाई को परीक्षा, 52628 आवेदन, 27883 उपस्थित
- पोस्ट बेसिक नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 7189 आवेदन, 1578 उपस्थित
- एमएससी नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 5615 आवेदन, 2372 उपस्थित

## अधोक्षजानन्द देव के छत्तीसगढ़ आगमन पर रोक लगाने आदित्य वाहिनी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में किया विरोध

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 21 से 27 अप्रैल के बीच जामुल क्षेत्र सुरडुंग में रूद्र महायज्ञ होना तय है। इसमें आयोजन समिति द्वारा अन्य आचार्यों के साथ स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रूप में प्रचारित करते हुए आमंत्रित किया जा रहा है। इसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी द्वारा घोर विरोध किया जा रहा है। राजधानी में गुरुवार को पत्रकार वार्ता लेते हुए राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री के साथ ही सीमा तिवारी, विजय शर्मा, नवीन तिवारी और टीका राम साहू ने अधोक्षजानन्द को फर्जी शंकराचार्य बताते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश रोकने मांग रखी। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह को ज्ञापन दिया है। इसे विधानसभा अध्यक्ष ने गंभीर विषय मानते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। इस मामले को लेकर धर्मसंघ के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री से मिलने के बाद त्वरित कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। यह सर्व विदित है कि वर्तमान में श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145वें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं, जो दार्शनिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, गणित के विश्व विख्यात विद्वान हैं।

*किसी सूरत में न्याय संगत नहीं : पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित सीएम योगी आदित्यनाथ, विष्णुदेव साय, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भेंट पुरी पीठाधीश्वर से आशीष प्राप्त किया। यही नहीं भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने कई निर्णय में पुरी के वर्तमान प्रामाणित शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का उल्लेख किया है। ऐसी स्थिति में अधोक्षजानन्द देव यानी नकली व्यक्ति का प्रदेश में आगमन तथा किसी के द्वारा उसे शंकराचार्य के रूप में बुलाना न्याय संगत नहीं है।*

## सरकारी जमीन से कब्जा हटाने निगम ने चलाया बुलडोजर, तोड़ा बाउंड्री-मकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बिरगांव निगम आयुक्त ने सरोरा, उरकुरा वार्ड में अवैध कब्जा हटाने दी दबिश

सरकारी जमीन पर लोगों द्वारा बनाई गई बाउंड्री और मकान को तोड़ते हुए कब्जा मुक्त कराने के लिए गुरुवार को भी बिरगांव निगम का अमला दबिश देने पहुंचा। सरोरा और उरकुरा वार्ड में सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल रोकने के लिए निगम आयुक्त यूके उर्वासा के साथ नगर निवेश विभाग की टीम पुलिस बल के साथ तोड़-फोड़ करने के लिए निकली। दोबारा कब्जा करने पर एफआईआर की चेतावनी दी है।

बिरगांव निगम क्षेत्र के उरकुरा में वार्ड में सात स्थानों पर लगभग 5 एकड़ जमीन से अवैध प्लाटिंग कर किए गए सड़क, बाउंड्री और मकान निर्माण को दस्ते ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। इसके साथ ही जिन लोगों का कब्जा था, उन्हें चेतावनी दी गई है कि दूसरा किसी तरह से अवैध निर्माण किया जाता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए आयुक्त ने दिशा-निर्देश दिया है। तोड़-फोड़ के दौरान विरोध की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन की मदद से पुलिस बल के साथ निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची। इस कार्रवाई से पहले बुधवार को निगम के अमले ने सरोरा वार्ड में भी दबिश देते हुए 4 जगह से अवैध कब्जा हटाया था।

## मैनपुर में अंतर्राज्यीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 20 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के मैनपुर में पहली बार अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता एमपीएल मैनपुर प्रीमियम लीग 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर पिछले एक माह से जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में 20 से 28 अप्रैल तक यह क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 1 लाख 51 हजार रूपये एवं ट्राफी एवं द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रूपये एवं ट्राफी के साथ मैन ऑफ दी सीरीज 10 हजार एवं ट्राफी, बेस्ट बैट्समैन 5001 एवं ट्राफी, बेस्ट बालर 5001 एवं ट्राफी के साथ कई आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजू सोनी, सूरज राव, डाके"वर नेगी, सचिव पंडित नंदकिशोर चौबे, सहसचिव नजीब बेग, उपेन्द्र साहू, कोशाध्यक्ष गफफु



मेमन, संरक्षक रसीद खान, खन्ना रामटेके, शेख हसन खान, केशव बन्छोर, मो ईशाक मेमन, जगदीश गुप्ता, जाहीद भट्टी को नियुक्त किया गया है वही सदस्यगण टीकम पटेल, ओशिश साहू, नेलशल बाघमार, उमेन्द्र निर्मलकर, टीकम देववंशी, अमीर मेमन, कोमल साहू, आरीफ खान, कुणाल ठाकुर, आमीन हुसैन, टिंकु नागेश, देवचरण निर्मलकर, उपेन्द्र धुरव, गोविंदा सोनवानी, टिंकु ध्रुव, खोवालाल जगत, गौकरण यादव, शुभम सेन, नीरज वि"वकर्मा, बंटी पटेल, देव वासनिक, अजय राजभर, प्रेम नेताम, नोहर निर्मलकर, टाकेश ध्रुव, योगेन्द्र यादव एवं समस्त मैनपुर क्षेत्रवासियो द्वारा अपना योगदान दिया जा रहा है।

अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष मोहित द्विवेदी ने बताया पहली बार मैनपुर क्षेत्र में इतना भव्य रूप से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अन्य प्रदेश के प्रतिभागी भी शामिल होंगे। उन्होने बताया क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है और सभी का सहयोग मिल रहा है उन्होने आगे बताया पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में रात्रिकालीन प्रतियोगिता के चलते साफ सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### वित्त ने सभी विभागों के लिए जारी किए निर्देश

# जब राशि बांटनी हो तभी कोषालय से निकाल सकते हैं, ऐसा न करना गंभीर अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विभागों सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कलेक्टर-कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए किए गए प्रावधान से संबंधित राशि का खर्च कैसे करना है। कहा गया है कि कोई भी राशि कोषालय से तब तक आहरित नहीं की जाएगी, जब तक तत्काल वितरण किया जाना अपेक्षित न हो। मांग की प्रत्याशा या बजट अनुदानों के व्यपगत (लैप्स) होने से बचाने के लिए कोषालय से राशि निकालना एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। ऐसे आहरण के लिए दोषी व्यक्ति अनुशासिक कार्रवाई का भागी होगा। वित्त विभाग ने यह निर्देश राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर को भेजा है। निर्देश में कई बिंदुओं के आधार पर कई बातें कहीं गई हैं। राज्य की संचित निधि से आहरण तभी किया जाना चाहिए तब कार्य कर लिया गया हो या उसके भुगतान का देयक प्राप्त हो गया हो।

**पहले काम फिर वित्त से अनुमति नहीं चलेगी:** कुछ प्रकरणों में विभागों कार्यालयों द्वारा बिना वित्त विभाग की पुर्वानुमति के वाहन किराये पर लेकर भुगतान हेतु अतिरिक्त राशि की मांग वित्त विभाग से की जाती है। इसी प्रकार सड़कों के संधारण एवं अनुरक्षण गदों में भी बजट प्रावधान से अधिक राशि की स्वीकृतियां जारी कर अतिरिक्त दायित्व निर्मित किये जाते हैं। यह वित्तीय अनुशासन का उल्लघन है एवं अतिरिका दायित्व निर्मित होने पर संसाधनों पर दबाव की स्थिति निर्मित होती है तथा कार्य एजेंसी सेवा प्रदाता को समय पर भुगतान नहीं हो पाता है।

#### बजट में उपलब्ध राशि से अधिक दायित्व न बनाएं

वित्त विभाग ने कहा है कि यह देखने में आया है कि कतिपय विभागों द्वारा कुछ मदों में बजट से व्यय हेतु उपलब्ध राशि से अधिक राशि के दायित्व निर्मित कर लिये जाते है एवं भुगतान हेतु वित्त विभाग से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। यह प्रक्रिया उबित नहीं है। ऐसे प्रकरणों में जहां बजट प्रावधान से अधिक राशि के व्यय की स्वीकृति आवश्यक हो, प्रशासकीय विभाग के माध्यम से अतिरिक्त दायित्व निर्मित करने के पूर्व कारण एवं औचित्य सहित वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजकर पूर्वानुमति लिया जाना बाहिए। ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्रशासकीय विभाग द्वारा उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये एवं किसी भी स्थिति में अतिरिक्त दायित्व हेतु राशि उपलब्ध कराने के लिए वित्त विभाग बाध्य नहीं होगा।

## पेज 11 के शेष...

### पिपरहट्टा में भक्ति...

सरपंच ग्राम पंचायत पिपरहट्टा, बहुर सिंह दीवान, राधे दीवान, पुसउ राम ध्रुव, चम्पेश्वर ध्रुव, गोदावरी शारदा दीवान, गोवर्धन दीवान, आयोजक साहु समाज सोरिद परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज पिपरहट्टा अध्यक्ष रूप सिंह साहू, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव भारत लाल साहू उपस्थित रहेंगे।

### विहिप और बजरंग...

हमला है, जिससे राज्य को "हिंदूविहीन" करने की कोशिश की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पश्चिम बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) से करवाई जाए। राज्य की कानून व्यवस्था को केंद्रीय सुरक्षा बलों के हवाले किया जाए। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को चिन्हित कर देश से बाहर निकाला जाए और भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा कड़ी की जाए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 11 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध के नाम पर हुई हिंसा में 200 से अधिक हिंदू घर-दुकानें जलाकर खाक कर दी गईं, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ और कई लोगों की जान ली गई। सैकड़ों घायल हुए और सैकड़ों परिवारों को पलायन करना पड़ा।

विहिप नगर अध्यक्ष योगेश्वर निषाद, नगर मंत्री नवीन सिन्हा, जितेंद्र यादव, लोकेश वर्मा, रोहित सिन्हा, अभिमन्यु ध्रुव, प्रकाश सोनी, रोमी सिन्हा, विनोद नेताम, अनुपम मालवीय, आयुष सोनी, पुष्पराज राजपूत, अजय राठौर, राकेश सोनी, मानस ध्रुव, सतीश ठाकुर, खीर सिंह यादव, जलेश सेन, सौरभ सर्वांकर सहित बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल रहे। गरियाबंद जैसे शांत जिले में इस तरह के प्रदर्शन यह संकेत दे रहे हैं कि बंगाल की घटनाओं को लेकर देशभर में आक्रोश तेजी से फैल रहा है। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि केंद्र सरकार इस गंभीर स्थिति में क्या कदम उठाएगी।

### आंधी के साथ हुई...

गया। लोगों उमस से परेशान रहे। इस बार गर्मी की शुरुआत जबरदस्त रूप से मार्च महीने से ही शुरू होने से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। जबकि अभी मई जून की गर्म हवाओं वाली गर्मी का दौर बाकी है। रसेला सहित अंचल में अनेक तालाब, कुएं, डबरी, नंदी, नाला सूख चुके हैं। पानी के लिए आम इंसान के साथ साथ मूक जानवर भी यत्र तत्र भटक रहे हैं। क्षेत्र में तो नल-जल योजना का तो बुरा हाल है। लोग तो मजबूरी में सिर्फ स्नान ध्यान व कपड़ा धोने के लिए तालाब में पहुंच रहे हैं। कुल मिलाकर गर्मी की हालात ने खतरे की घंटी बजा दी है।

**सुविधा : शीतला तालाब में अभी 80 प्रतिशत जल भराव**

# गंगरेल के पानी से शीतला तालाब लबालब आसपास व कालोनियों का जलस्तर भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भरे गर्मी में यदि कहीं पोखर तालाब पानी से लबालब दिखे तो इससे बड़ा सुकुन तो कुछ हो ही नहीं सकता। लबालब भरे तालाब को देखकर किसका मन डुबकी लगाने को नहीं चाहेगा। बात हम शहर के शीतला तालाब की कर रहे है। यह नगर का प्रमुख तालाब है जो इस गर्मी में लबालब भरा हुआ है। शीतला तालाब में अभी 80 प्रतिशत जल भराव है। आगामी 8 से 10 दिनों में यह तालाब एवं रसहा तालाब पूरी तरह से भर जाएंगे। बता दें कि मार्च के प्रथम सप्ताह से तालाब का जलस्तर कम होने लगा था। जिसका पालिका द्वारा संज्ञान लेकर तालाब में पानी भरने की योजना बनाई गई। पालिका प्रशासन द्वारा जलसंसाधन एवं लोकनिर्माण विभाग के सहयोग से कुर्रा से गुरुद्वारा तक बने बड़े नाली को साफ कर पानी लाया गया। फिर गुरुद्वारे से तालाब तक रास्ता बनाकर तालाब भरा जा रहा है। तालाब में पानी भरने से आसपास के आदर्श कॉलोनी, शीतला तालाब एवं तर्री का जलस्तर बढ़ गया है। नवापारा नगर के 2 प्रमुख तालाब में पानी लबालब है। एवं अन्य तालाबों में पानी भरने एवं सौंदर्यीकरण के लिए राशि की स्वीकृति मिल चुकी है।



### सौंदर्यीकरण लिए 1.25 करोड़ स्वीकृत



नवापारा पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि नगर के सभी प्रमुख तालाबों में पानी भरने की योजना बनाई गई है। परिणामस्वरूप नवापारा के शीतला तालाब एवं आमहा तालाब लगभग भरने की स्थिति में है। पालिका द्वारा जलसंसाधन विभाग के सहयोग से नगर के तालाबों को भरा जा रहा है। श्रीमती साहू ने बताया कि विधायक इंद्रकुमार साहू के प्रयास से अभनपुर विधानसभा के 7 तालाबों में सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृति प्राप्त हो गई है। नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित रसहा तालाब में सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्यों के लिए 1.25 करोड़ की स्वीकृति हो गई है। जलस्तर को बढ़ाने एवं निस्तारी के लिए नगर के सभी तालाबों एवं जल स्रोतों के संवर्धन के लिए कार्य किए जा रहे है।

### शीतला तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध : भूपेंद्र सोनी



नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी शीतला तालाब के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। अपने प्रथम पार्षद कार्यकाल से ही शीतला तालाब को वैभव के अनुरूप बदलने की ठान ली थी। वर्ष 2015 में तालाब के गहरीकरण एवं समतलीकरण के लिए जनसहयोग से तालाब की खुदाई करवाकर लगभग 8 लाख वर्गफूट पीली मिट्टी निकलवाकर मार्गो के निर्माण कार्य में लगाए गए। जिससे 15 लाख रुपए की बचत हुई। अपने पार्षद कार्यकाल में पार्षद निधि के 14 लाख रुपए से तालाब के चारों ओर रेलिंग एवं पेड़ पौधे लगवाया। शीतला तालाब में मवेशियो को नहलाने में प्रतिबंध लगाया गया। नपा उपाध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि शीतला तालाब केवल तालाब ही नहीं आस्था का केंद्र भी है। नवरात्र में दुर्गा विसर्जन शीतला तालाब में किया जाता है। पूजन पाठ, हवन में उपयोग किए गए फूल, धूप एवं अन्य सामग्री को तालाब में विसर्जित करने की परंपरा है। हिंदू रीति के त्यौहार हल षष्ठी एवं अन्य मौकों में विसर्जन की परंपरा है। तालाब को प्रदूषण से बचाने के लिए विसर्जन के लिए एक विशेष स्थान बनाया गया हैं एवं इस स्थान को बारीक लोहे की जाली से बैरीकेट कर दिया गया है। नियमित रूप से तालाब के इस स्थान को सफाई की जाती है। पालिका उपाध्यक्ष के प्रयासों से विगत वर्ष तालाब के दक्षिण दिशा में वॉल, विसर्जन कुंड एवं पीचिंग निर्माण कार्य किया गया है। गर्मियों में पानी की कमी न हो इसके लिए तालाब को भरा जा रहा है। शुद्धता के साथ-साथ तालाब के सौंदर्य का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# पात्र परिवारों को मिलेंगे पक्के आवास : देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर साय सरकार का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जनपद पंचायत देवभोग के सभापति देवेन्द्र सिंह राजपूत स्वयं गांव-गांव घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने और नरेन्द्र मोदी तथा विष्णु देव सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए चलाये जा रहे पीएम आवास योजना हितग्राहियों को पक्का मकान दिलाने के लिए सर्वे कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया में सुबह से शाम तक मोबाईल एम के माध्यम से हितग्राहियों का सर्वे कर नाम जुड़वाने में लगे हुए है उनके इस कार्य की लोगों के द्वारा जमकर प्रशंसा किया जा रहा है। जनपद सभापति देवेन्द्र सिंह राजपूत आज सुबह 9 बजे से घुमरगुड़ा में मोबाईल एप के माध्यम से हितग्राहियो का नाम सर्वे सूची में एन्ट्री करते दिखाई दिये। श्री ठाकुर ने चर्चा में बताया केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव की सरकार में हर पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान देने की जो योजना शुरू की है वह अब तक के सबसे बड़ी योजना है और इसका लाभ जमीनी स्तर पर लोगो को मिल रहा है। कोई भी पात्र हितग्राही नही छुटना चाहिए इसके लिए वे स्वयं गांव – गांव जाकर सर्वे का कार्य कर रहे है। हमारी भाजपा सरकार सभी पात्र हितग्राहियो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देगी जिससे उनके पक्के मकान का सपना जल्द पूरा होगा। श्री राजपूत ने बताया हमारी भाजपा सरकार ने गरीब, मजदुर, किसान, युवा सबके लिए योजना बनाई है उसका लाभ मिल रहा है जिससे प्रदेश में खुशहाली है उन्होने बताया कल गंगराजपुर, लीमपारा उसके बाद चिंगराभाठा, बंदपारा, गोकुलपारा, मोहुलमुड़ापारा, सरगीगुड़ा, बारकानी, छोटगुड़ा, भोईपारा, खरकारपारा, सरहदपारा में भी घर घर सर्वे किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### सरकार अपना वादा पूरा करें: रामकृष्ण

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में पंचायत सचिवों की भूख हड़ताल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय मोदी गारंटी में भाजपा ने इन पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था सरकार बनने के लगभग डेढ़ साल बाद भी सरकार को इनकी सुध नहीं है भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव की हार्ट अटैक से मौत हो गई वह पाली जनपद में पदस्थ थे और 9 अप्रैल से ब्लॉक मुख्यालय में भूख हड़ताल पर थे। श्री ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अपनी मांगों को लेकर 17 मार्च 2025 से पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं कई सचिव सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कुछ शीघ्र होने वाले हैं, जिनके पास पेंशन या किसी अन्य प्रकार का सहारा नहीं है।



### ग्रीन ब्लैक बोर्ड मामले की जॉच के लिए पं. योगेश ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**मैनपुर।** कोरोना संक्रमणकाल के दौरान कांग्रेस सरकार में करोड़ों रूपये की लागत से स्कूलो में वितरण करने के लिए शिक्षा विभाग गरियाबंद द्वारा ग्रीन ब्लैक बोर्ड खरीदी किया गया था जिसका वितरण आज चार वर्षों बाद भी स्कूलों में नहीं किया गया और न ही इसका किसी प्रकार का उपयोग किया जा रहा है और तो और सरकार बदलने के बाद उच्च अफसरों की नजर से बचाने के लिए ग्रीन ब्लैक बोर्ड को कही अज्ञात जगह में छिपाकर रखने का गंभीर आरोप भी लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस शासनकाल के दौरान शिक्षा विभाग गरियाबंद द्वारा जिले के सभी स्कूलो में ग्रीन ब्लैक बोर्ड वितरण करने के लिए लगभग 2 करोड़ 50 लाख रूपयों की लागत से खरीदी किया गया था जिसमें संकुलों में वितरण करने के लिए 68 लाख रूपये के फर्नीचर खरीदे गये थे लेकिन इस मामले में भारी भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आयी थी तो मामले के लिए एक जॉच टीम गठित किया गया था जॉच टीम द्वारा इस मामले में क्या जॉच किया गया है और क्या कार्यवाही की गई है अब तक रिपोर्ट सामने नहीं आया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने इस मामले की निष्पक्ष जॉच के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है।



# कोचबाय पीएम आवास सर्वेक्षण में जिपं उपाध्यक्ष लालिमा रहीं मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण अंतर्गत मोर दुआर-साय सरकार अभियान के तहत ग्राम पंचायत कोचबाय में आवास प्लस 2.0 ऐप के माध्यम से विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने हितग्राहियों का सांकेतिक रूप से सर्वेक्षण कर अभियान की शुरुआत की। सर्वेक्षण के दौरान पात्र परिवारों को आवास प्लस 2.0 मोबाइल ऐप के माध्यम से जोड़ा गया। उपाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और "मोर आवास, मोर अधिकार" की भावना के अनुरूप पूरे जिले में यह महा सर्वेक्षण तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। इस अवसर पर द्रौपदी/बारेलाल, जागेश्वरी/कांशीराम और डोमेश्वरी सहित अन्य पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानपूर्वक जोड़ा गया। ठाकुर ने बताया कि यह अभियान उन सभी ग्रामीण परिवारों को योजना से जोड़ने का प्रयास है, जो पूर्व में किसी कारणवश स्थायी प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची से छूट गए थे।





उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया आवास प्लस सर्वे 2024 पात्र परिवारों की अद्यतन सूची तैयार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सर्वे का कार्य ग्राम पंचायतों में नियुक्त सचिवों और रोजगार सहायकों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही हितग्राही स्वयं भी आवास प्लस 2.0 ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोचबाय की सरपंच मुकेश बाई, सचिव रोशन साहू, हलधर नाग पंच, रोमन विश्वकर्मा, मुकेश मोंगरे, शकुंतला झा, राधा सोनी, झनेश्वरी, नेहा, डगेस्वर, तोरण बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक सशक्त पहल बताया।

### कार्यालय सहायक क्लर्क परीक्षा 27 को

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कले के रिक्त कार्यालय सहायक, क्लर्क के पदों के लिए भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने बताया भर्ती किए जाने के लिए पात्र उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में आयोजित होगा, जिस संबंध में अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व परीक्षा संबंधी जानकारी जिला न्यायालय महासमुंद के शासकीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

# जिले के लिए स्वीकृत 80 हजार पीएम आवासों में 31044 हैं अपूर्ण

### जिला पंचायत अध्यक्ष पीएम आवास पूरा कराने हितग्राहियों के घर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मोर द्वार साय सरकार अभियान के तहत प्रशासन के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप केंद्र की पीएम आवास योजना को पूरा कराने हितग्राहियों के घर -घर पहुंचे। अध्यक्ष बोले पहले आवास के लिए चक्कर लगाना पड़ता था अब की सरकार आवास पूरा कराने घर घर पहुंच रही ।

जिले में अब तक स्वीकृत 80046 पीएम आवास में अब तक 31044 अपूर्ण है, जिसमें से 28799 आवास चालू वित्तीय वर्ष का है। इन्हीं आवास को पूरा कराने प्रशासन घर घर दस्तक दे रही है। आज जिला सीईओ जी आर मरकाम के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप व मैनपुर जनपद के अमले के साथ झरगांव, गुरुजीभाठा, मुचबहाल, धोबनमाल,

उरमाल समेत दर्जन भर पंचायत पहुंचे। यहां उन हितग्राहियों से मिले जिन्हें आवास की किश्त मिल चुका है पर वे निर्माण शुरू नहीं कर रहे। ऐसे लोगों को आवास पूर्ण करने अफसर और जनप्रतिनिधि प्रेरित किया। जहा भी आवास योजना से वंचित लोग दिखे वहां मोबाइल ऐप के जरिए आन लाइन सर्वे एंट्री कर हितग्राही का नाम जोड़ा ताकि आवास 0.2 में उनका नाम आ सके।

**काम शुरू कराया, वचन लेकर वीडियो बनवाया-** अभियान के दरम्यान घरों में अफसरों ने काम शुरू कराया तो कईयों के घरों में ले आउट डाल उनसे काम शुरू करने का वचन लेकर उसकी वीडियो ग्राफी भी कराई।उन्हें बताया गया कि पहले चरण का काम पूरा होते भी दूसरे चरण में उन प्रतीक्षा रत लोगो को आवास योजना का लाभ मिलेगा जो प्रतीक्षारत है।



**जिला पंचायत अध्यक्ष से प्रेरित होकर शुरू किया काम**

अभियान के दरम्यान हितग्राहियों को प्रशासनिक टिम समझा रही थी। उड़ीया भाषी क्षेत्र होने के कारण जिला पंचायत अध्यक्ष उड़िया भाषा में उनसे आत्मीय चर्चा किया।डबल इंजन की सरकार में आवास के लिए सरकार के प्रयास और चिंता को बताया।बरसात से पहले घोंसला तैयार करने वाले उन पक्षियों का उदाहरण दिया जो अपनी रहवास की चिंता करती है।अभियान में आए अफसरों ने बताया कि इस बार आवास के रुपए के अतरिक्त 99 दिन के मजदूर दिवस की राशि भी आवास हितग्राहियों को मिलेगा।

#### बिहान की बहने करेंगी मदद

अभियान में जुटी अमला उरमाल पहुंचा यहां हितग्राहियों से मिलने के अलावा बिहान से जुड़ी बहनों के साथ मीटिंग किया।उन्हें बताया गया कि वे आवास हितग्राहियों को कैसे प्रेरित करेंगे।महिला हितग्राहियों से सतत संपर्क कर आवास निर्माण शुरू कराने कहा गया। जिला सीईओ ने कहा कि इस अभियान में मातृशक्ति का अहम योगदान होगा।

दरअसल जिले में वर्ष 2016 से 2025 तक 80046 आवास की मंजूरी दी गई। जिसमें 49002 ने अब तक आवास पुरा नहीं किया। अपूर्ण आवास में 28799 आवास तो इसी चालू सत्र के हैं। आंकड़े संतोष जनक नहीं होने के कारण जिले में अभियान सफल बनाने आला अफसर ग्राउंड पर मेहनत करते दिख रहे।




HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खरमास हुआ समाप्त, मांगलिक कार्यों की हुई शुरूआत

**रसेला।** सोमवार की सुबह 3 बजकर 22 मिनट पर सूर्य ने अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश किया जिससे खरमास की समाप्ति हो गई और एक बार फिर मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो गया। सूर्य के इस राशि परिवर्तन से जहां धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व जुड़ा है, वहीं आम जनजीवन पर भी इसका व्यापक प्रभाव देखा जा रहा है। खरमास के चलते पिछले एक माह से विवाह, गृह प्रवेश जैसे शुभकार्य वर्जित थे, लेकिन अब इन पर से रोक हट गई है। इससे शहर और गांवों में एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है। खरमास की शुरुआत 14 मार्च को हुई थी, जबकि इससे पहले 6 मार्च से होलाष्टक लगने के कारण भी शुभ कार्यों पर विराम लगा था। अब खरमास के समाप्त होते ही 10 जून तक विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। हालांकि, 12 जून को गुरु के अस्त होने से फिर विवाह रुक जाएंगे। पंडित अंजनी शरण व्यास के अनुसार भड़ली नवमी तक यानी 4 जुलाई तक विवाह मुहूर्त रहेंगे, लेकिन 10 जून के बाद तारा अस्त के कारण शुभ विवाह नहीं होंगे। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पर्व है, जिसे अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। इस दिन बिना पंचांग देखे विवाह जैसे मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। यही कारण है कि इस दिन शादी के लिए अत्यधिक बुकिंग रहती है। पंडित व्यास के अनुसार मांगलिक कार्यों का अगला शुभकाल 1 नवंबर से देवउठनी एकादशी से शुरू होगा।

### अछरीडीह में कर्मा जयंती 21 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में 21 अप्रैल सोमवार को संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की 1009 वीं वर्षगांठ का समारोह एवं मां कर्मा भवन लोकार्पण का आयोजन रखा गया है। प्रातः 8 बजे कलश शोभायात्रा, ग्राम भ्रमण व 11 बजे सत्य नारायण कथा पूजा की जायेगी। शाम 4 बजे मंच का कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं मंचन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सामाजिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भक्त कर्मा माता की आरती कर भोग भंडारा, खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण शाम 7 बजे किया जाएगा।

**सर्वे : पीएम आवास योजना को लेकर एक-एक गांव व घर पहुंच रहे विधायक**

# पीएम आवास के लिए किसी को भी फूटी कौड़ी देने की जरूरत नहीं : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू इन दिनों अपने विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव, एक-एक घरो में पहुंच रहे हैं। कह रहे है कि पीएम आवास योजना का लाभ हर गरीब पात्र हितग्राहियों को मिलेगा। जिनका नाम छुट गया हो उनका भी नाम जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। यदि किसी परिवार में पांच बेटे है तो सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा, सभी के लिए आवास स्वीकृत होगा। विधायक श्री साहू के साथ अधिकारी-कर्मचारियों की टीम भी चल रहा है। इन अधिकारियों के सामने ही हितग्राहियों-ग्रामीणों से विधायक श्री साहू साफ-साफ कह रहे है कि किसी के भी काम में जरा भी विलंब न हो। हर गरीबों का भला हो। इसके साथ ही यह भी कहने से नहीं चुक रहे हैं कि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को फुटी कौड़ी देने की जरूरत नहीं है और न ही खुशामद करने की जरूरत है। मोदी की गारंटी थी कि हरेक गरीब परिवार को आवास मिलेगा सो इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार पूरा कर रही है। ये सुशासन की सरकार है। इसमें किसी भी प्रकार से भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी यह समझ ले और जान ले हरेक लोगों से अच्छा व्यवहार रखे। गांवों में इस दौरान विधायक श्री साहू उन लोगों से भी मिल रहे है जिनका पक्का आवास बन चुका है। ऐसे ग्रामीणो महिलाओं से पुछ रहे है कि पक्का आवास किसके बदौलत मिला है सारे लोग बेखटके कह रहे है कि मोदी और साय सरकार ने हमें दिया है।

■ परिवार में पांच बेटे है तो सभी को योजना का मिलेगा लाभ





कई ऐसे ग्रामीण है जो विधायक से खुलकर बात कर रहे है कि कांग्रेस के पांच साल के शासन में आवास के लिए दर-दर भटके परंतु सुनने वाला कोई नहीं रहा। अब हमारा काम बहुत आसानी के साथ हो रहा है। मालूम हो कि इन दिनों छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना 2 के तहत 15 से 30 अप्रैल तक मोर दुआर-साय सरकार महाभियान पखवाड़ा के तहत

**पात्र परिवारों का किया जा रहा सर्वे**

विशेष सर्वेक्षण का काम युद्धस्तर पर चल रहा है जिसमें विधायक रोहित साहू अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण का अवलोकन कर रहे हैं। विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी ग्राम में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षणों की पुष्टि ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी। विधायक श्री साहू ने क्षेत्र के सभी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मकारियों को समय सीमा में पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण पूर्ण करने निर्देश दिया।

## प्रदेश में साय सरकार मोदी की गारंटी को कर रही पूरी : साहू





**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू शुक्रवार को ग्राम पंचायत खुटेरी के विभिन्न विकास कार्य का भूमिपूजन लोकार्पण किया। विधायक ने कहा की जिले के हर जरूरतमंद ग्रामीण को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अब सबको मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय की सुशासन सरकार की हर वादे पूरे हो रहे हैं। विधायक राजिम रोहित साहू ने साफ किया कि 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले मोर दुआर साय सरकार अभियान के दौरान पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान पीएम आवास योजना सहित महतारी योजना, जैसे कई योजनाओं को बताया। कहा भाजपा सरकार ने दो साल की बोनस देने की वायदे को पूरा किया और किसानों की वाजिब दाम 31 सौ प्रति क्विंटल,प्रति एकड़ एकड़ 21 क्विंटल खरीदी गई है, भूमिहीन मजदूर को 10 हजार सलाना देने को पुरा किया। अभी तेदू पत्ता मजदूरो को बढ़े कीमत प्रति मानक 55 सौ रूपए परिश्रामिक मिलेंगे। विधायक ने कहा सुशासन तिहार और विशेष सर्वे 15 से 30 अप्रेल की रणनीति तैयार है पंचायत केंद्रों की आवास पात्र सुचि सूची सार्वजनिक होगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना को मिल रही रफ्तार शत-प्रतिशत पूरा किया जा रहे हैं। वहीं विधायक भागवत कथा में शामिल हुए। इस दौरान इंद्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, नंदनी ओंकार साहू सभापति महिला बाल विभाग एवं स्वास्थ पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, नंदू राम यादव सभापति निर्माण विभाग जनपद पंचायत फिंगेश्वर, सरपंच खूटेरी बेनीशंकर साहू, पूर्व सरपंच मोती निषाद, पूर्व उपसरपंच गजेन्द्र निषाद, आशा साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द देवेन्द्र वर्मा, निज साहयक किशोर साहू, सकुन साहू, सीमा साहू ने व्यासपिठ का पूजा की और भगवताचार्य महराज का प्रणाम कर आशिर्वाद लिया। वहीं कथा में परीक्षित बने विसे लाल लक्ष्मी, भायचंद, चिन्ता राम, विद्या साहू, नीलकंठ, नंदनी का गुलाल लगाकर आयोजन की मंगलकामना की और कथा सुनने के बाद आरती में शामिल हुए। इस मौके पर ,द्वारिका साहू, नूतन साहू बेनी शंकर, दूष्यंत साहू, देवेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## विधायक ने बच्चों को कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरे जिले मे पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को एनीमिया व बच्चों को कुपोषण से बचाने, मातृ–शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसी क्रम में मैनपुर से लगे ग्राम नहानबिरी में शुक्रवार को पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया वहीं महिलाओं को सुपोषण कीट भी बांटे एवं गोद भराई की रस्म श्रीफल, रेडी टू इंट, आयरन, फोलिक एसिड व विटामिन युक्त सामग्री के वितरण के साथ किया गया । कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण, देखभाल व संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान विधायक जनक राम ध्रुव ने गर्भवती शिशुवती माताओं से कहा आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती माताएं पौष्टिक आहार ले इसके साथ ही बच्चों के खान पान पर विशेष ध्यान रखे भोजन में हरे पत्तेदार सब्जियां, अंडा, दूध, केला के साथ चना को शामिल करना कुपोषण दूर करने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होने आगे कहा कि छोटे बच्चों को निर्धारित तारीख में टिकाकरण करायें बच्चों के शरीरिक व बौद्धिक विकास पर जरूर ध्यान रखे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता ध्रुव ने गर्भवती महिलाओं को उचित खान–पान और शिशु देखभाल के तरीके समझाए। इस अवसर पर पत्रकार रूपेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के महामंत्री गैन्दु यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता नेगी, भूनेश्वरी यादव, अकबर नागेश सहित गर्भवती शिशुवती महिलाएं उपस्थित थे।



## काव्य संग्रह का डिप्टी सीएम ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

डिप्टी सीएम- गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित विमोचन समारोह में समाज के युवा मंच के प्रदेश महासचिव, व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के प्रकाशित विद्यालय पर एकाग्र काव्य संग्रह /"ओ मेरी पाठशाला /" का विमोचन हुआ । उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने काव्य संग्रह विमोचन अवसर पर एक समीक्षात्मक उदबोधन में कहा विद्यालय के चाक, ब्लैक बोर्ड, टाट पट्टी, बेंच, कुर्सी, शिक्षक, प्रयोगशाला, दर्ज संख्या प्रवेश उत्सव, लेक्चर स्टैंड, कक्षा की घंटी, बच्चों की पढ़ाई शरारत व ऐसे ही 61 काव्य संग्रह संदेश युक्त,शिक्षा प्रद एवं एक नया प्रयोग है। ये कविताएँ वर्तमान एवं भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को विवेचित करती है उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सागर की कलम चलती रहे और ऐसी रचनाएं आती रहे। अध्यक्षता कर रहे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा संग्रह में शैक्षणिक ज्ञान और समझ को सरस बनाकर प्रकारांतर में सूत्र रूप में संजोने का संयोजन महत्वपूर्ण प्रमाणित हुआ है। प्रस्तुत कृति की भाषा सरल-सहज, सुगम और सुबोध है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवयित्री सुधा शर्मा तथा आभार व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला गरियाबंद अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, अध्यक्ष विप्रकुल ब्राह्मण समाज राजिम देवेन्द्र शर्मा, साहित्यकार शरद शर्मा,अधिकारी एवं कर्मचारी फेडरेशन जिला गरियाबंद महासचिव बसन्त त्रिवेदी,अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रवक्ता बसंत मिश्रा, बीआर सी फिंगेश्वर सुभाष शर्मा, पत्रकार प्रेस क्लब सचिव गरियाबंद गोविन्द तिवारी, महेंद्र द्विवेदी, धीरेन्द्र शर्मा,धमेन्द्र शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला गरियाबंद राजिम के शिक्षक सागर शर्मा के इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी ए. के.सारस्वत, डीएमसी खेलसिंह नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।



## आकाशवाणी की केजुअल एनाउंसर अवंतिका को श्रोताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

लोकप्रिय उद्घोषिका अवंतिका झा का निधन हो गया। उनकी तबियत खराब चल रही थी। दिनांक 16अप्रैल को 1 बजकर 30 मिनट को देहावसान हो गया। जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहु ने बताया पांच साल पूर्व आकाशवाणी रायपुर के स्टूडियो में अवंतिका झा से मुलाकात हुआ था। चर्चा के दौरान आकाशवाणी रायपुर के फरमाईसी कार्यक्रम के विषय में चर्चा हुआ था। वह बहुत ही सरल स्वभाव अच्छे व्यक्तित्व के धनी थी। श्रोताओं के फरमाईसी पत्रों को बारीकी से शामिल करती थी उनकी मधुर आवाज रेडियो पर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। ऐसे लगता था रेडियो ही बोल रही है।श्रोता जगत के लिए बहुत बड़ा छति है श्रोताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। अवंतिका झा पति श्री अनुराग ओझा जन्म तिथि 22 सितम्बर 1973 शिक्षा बीएसी मैथ्स आकाशवाणी में सेवाएं वर्ष 1991 में आकाशवाणी जगदलपुर में युववाणी वार्ताकार के रूप में वर्ष 1996 में आकाशवाणी जगदलपुर में कंपीयर के रूप में बी श्रेणी के नाटक कलाकार का स्वर परिक्षा उत्तीर्ण और रूपक लेखन सन 2001 में आकाशवाणी रायपुर में युववाणी कंपीयर के रुप में सेवाएं प्रदान की सन 2007 से वर्तमान से आकाशवाणी रायपुर केन्द्र में नैमितक उद्घोषिका रुप में सेवाएं दे रही थी। अध्यक्ष योगेश्वर साहु प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल देवांगन रायपुर लोक कलाकार,गौकरण दास मानिकपुरी वरिष्ठ शिक्षक, प्रदीप कुमार यदु फिगेश्वर, टीकम राम साहू, जानु साहू, हरिश्चंद्र तारक, बाबुलाल साहू, डॉ. दीलिप कुमार ध्रुव, गोपाल साहू, मिल्लु गिरी गोस्वामी, रेख राम ध्रुव, महेंद्र गंधर्व, हेमंत साहू, टोपेश्वर साहू, राजकुमार यादव, ईश्वर तारक आदि श्रोताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



## जिपं अध्यक्ष व सीईओ ने पीएम आवास की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ जी आर मरकाम शुक्रवार को मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम झरगांव, गुरजीभाठा टी, मुचबहल, धोबनमाल, उरमाल एवं सरईपानी ग्रामों का दौरा कर जहां सरकार की योजनाओ की जानकारी लिया वही केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो की प्रगति का निरीक्षण भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में स्थाई प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छुटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। नये आवास सर्वेक्षण हेतु मोर दुआर, साय सरकार महाभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल 2025 की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन कराया जा रहा है जिसके प्रथम चरण में 15 अप्रैल से से 19 अप्रैल 2025 जिला ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वे पखवाड़ा का शुभारंभ मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सांकेतिक रूप से एक–एक परिवार का सर्वेक्षण किया गया 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर–साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया था इसी कड़ी में जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर क"यप एवं जिला पंचायत सीईओ ने मैनपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामो में पहुंचकर आवास सर्वे का ऑनलाईन एन्ट्री किया एवं निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ जी आर मरकाम ने कहा कि जो भी हितग्राही आवास हेतु पात्रता रखते हैं वे संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र से संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते है सर्वे के लिए निर्धारित तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा पात्र हितग्राही स्वयं से भी अपना सर्वे कर सकते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जारी दिशा निर्देशानुसार 17 अप्रैल 2025 को विधायकों एवं सांसदों द्वारा, 18 अप्रैल 2025 को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वार और 19 अप्रैल 2025 को जनपद अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वार आवास सर्वे का कार्य किया जाएगा।

इस दौरान सरकार के विभिन्न योजनाओं के संबंध में जमीनी स्तर पर पहुंचकर जानकारी लिया गया एवं ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजना का लाभ मिले इसके लिए दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, एडिशनल सीईओ डी एस नागवंशी, मनरेंगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने पदोन्नति की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा के नेतृत्व में रायपुर संभाग के संयुक्त संचालक (शिक्षा विभाग) राकेश पांडे से सौजन्य मुलाकात कर वर्षों से लंबित पूर्व माध्यमिक शालाप्रधान पाठक पद की पदोन्नति शीघ्र जारी करने की मांग की इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने भगवान श्री राजीव लोचन की छायाचित्र भेंट किया संयुक्त संचालक ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद आप लोगों की मांगों पर यथासंभव उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से धमतरी जिला के संगठन के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्राकर फिंगेश्वर विकासखंड के कोषाध्यक्ष किशोर कुमार निर्मलकर तथा कुमार सिंह ठाकुर सुरेश दीपक राजेंद्र कुमार सिन्हा मोहित वर्मा थगेश्वर कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## शादी के सीजन में सोने-चांदी की कीमतों में उछाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सोने–चांदी के बढ़ते भाव के चलते आज के परिवेश में गरीब और मध्यम गर्वीय परिवारों को अपनी बेटा बेटी की शादी के लिए जेवरात बनवाना बूते से बाहर होने लगा है। बीते एक साल की बढ़ती कीमत पर गौर करें तो साल भर में 23 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम में वृद्धि हुई है, यानि करीब 28 प्रतिशत दाम में वृद्धि हुई बीते 1 अप्रैल 2024 को 24 कैरेट सोने की कीमत 69500 रुपए प्रति 10 ग्राम था, और इस साल 1 अप्रैल 2025 को 93,400 रुपए, प्रति 10 ग्राम हो गया था इसी तरह बीते साल अप्रैल में 22 कैरेट सोना 64650 रुपए था, 20 कैरेट 59050 रुपए और 18 कैरेट 53550 रुपए प्रति 10 ग्राम भाव था, तथा चांदी 75600 रुपए किलो था 4 अप्रैल 2025 को 2 हजार की गिरावट आई और चांदी में 55 सौ रूपए की कमी हुई। इसके बाद मामूली उतार-चढ़ाव के बीच दाम बना हुआ है और 14 अप्रैल 2025 को 94600 रूपए प्रति दस ग्राम पर है और चांदी 97100 रूपए किलो है। ऐसे में अधिकतर ग्रामीण अपने पहले खरीदे सोने चांदी के जेवरात को नया करने को प्राथमिकता देने लगे हैं। सराफा बाजार से जुड़े व्यापारियों का मानना हैं कि यह तो सोने और चांदी का शुद्ध भाव है इन भावों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अलग जुड़ता है, ऐसे में भाव और ज्यादा हो जाते हैं मान लें अगर सोने का 70 हजार का भाव है तो ग्राहक को जीएसटी के बाद इसकी कीमत 72 हजार 100 रुपए चुकानी होगी वहीं, अक्षय तृतीया का मुहूर्त 30 अप्रैल को रहेगा जानकार बताते हैं कि गोल्ड एक्सचेंज का यह ट्रेंड चलने से ज्वेलर्स ने बैंकों से सोना खरीदना बंद कर दिया है गोल्ड कि लोन की मांग भी अब बढ़ गई है।

■ सोने–चांदी के भाव बढ़े बेटी के हाथ पीले कैसे करेंगे परिवार

**वैवाहिक सीजन में सोना-चांदी के दाम में राहत की उम्मीद बेहद कम**

पिछले एक माह से सोने का भाव 89000 से 94000 रूपए प्रति दस ग्राम के बीच रहा है फिलहाल बहुत तेजी की संभावना नहीं दिख रही परन्तु बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है 14 अप्रैल से वैवाहिक सीजन की शुरूआत हो गई है जो लगभग दो महीने रहेगा। अक्षय तृतीया पर यही स्थिति बरकरार रहने की संभावना है पिछले साल अक्षय तृतीया के आसपास सोना 66000 रूपए प्रति दस ग्राम था जो अभी 94600 रूपए प्रति ग्राम है। इधर बढ़ने की संभावना है, कितना बढ़ेगा इस पर अनिश्चितता बनी हुई है। वर्तमान में 24 कैरेट सोना 94600 रूपए प्रति 10 ग्राम दाम रहा, 22 कैरेट 87050 रूपए, 20 कैरेट 79550 और 18 कैरेट 72070 रूपए प्रति तोला रेट रहा और चांदी 97100 रूपए किलो भाव रहा। बीते साल अक्षय तृतीया के आसपास 66000 रूपए प्रति ग्राम के आसपास था जो अभी 94600 रूपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है यानि साल भर में करीब 28 से 30 फीसदी की वृद्धि हो गई। इसी माह के बीते 4 अप्रैल को सोने और चांदी के दाम में गिरावट आई थी जो उसी के आसपास दाम चल रहा जो ज्यादा दिनों तक बरकरार रहने की स्थिति नहीं दिख रही। बीते 4 अप्रैल को सोना 2 हजार और चांदी 55 सौ रुपए टूटा था। वैवाहिक सीजन में सोना–चांदी के दाम में राहत की उम्मीद थी जो संभव नहीं दिख रहा, उल्टा और बढ़ने की आशंका सराफा कारोबारी से जानकारी मिल रही हैं।






